**71. स्वर संधि के भेदों का सही उल्लेख है-**

(1) दीर्घ, गुण, यण, वृद्धि, अयादि

(2) गुण, यण, विसर्ग, अयादि

(3) यण, गुण, अयादि, वृद्धि, स्वर

(4) स्वर, व्यंजन, विसर्ग **(1)**

**72. किस क्रमांक में संधि का सही विच्छेद नहीं है?**

(1) वाग् + ईश = वगीश

(2) सत् + मार्ग = सन्मार्ग

(3) अनु + छेद = अनुच्छेद

(4) अभि + सेक = अभिषेक **(1)**

**73. किस शब्द में तत्पुरुष समास है?**

(1) आजन्म (2) घनश्याम

(3) अनिच्छा (4) तिरंगा **(3)**

**74. 'नीलकंठ' में कौन-सा समास है?**

(1) बहुब्रीहि (2) द्विगु

(3) अव्ययीभाव (4) द्वन्द्व **(1)**

**75. 'निश्चल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?**

(1) नी (2) निर्

(3) नि (4) निस् **(4)**

**76. 'अन्वेषण' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?**

(1) अनु (2) अन

(3) अनव् (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**77. 'कालिमा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-**
(1) मा (2) इमा
(3) लिमा (4) आ **(2)**

**78. आवना प्रत्यय लगाकर बनाया गया शब्द है-**
(1) सुहावना (2) बिछौना
(3) खिलौना (4) उपर्युक्त सभी **(1)**

**79. 'कृतज्ञ' शब्द का सही विलोम है-**
(1) दयालु (2) उदार
(3) कृतघ्न (4) निर्दय **(3)**

**80. 'नैसर्गिक' का विलोम है-**
(1) सामयिक (2) कृत्रिम
(3) चमत्कार (4) इनमें से कोई नहीं
**(2)**

**81. 'त्यौहार' शब्द का शुद्ध रूप है-**
(1) त्योंहार (2) त्यौंहार
(3) त्याँहार (4) त्योहार **(4)**

**82. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**
(1) प्रतिक्षा (2) परतीक्षा
(3) प्रतीक्षा (4) प्रतीइच्छा **(3)**

**83. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है-**
(1) उसने प्राण की बाजी लगा दी।
(2) दहेज की लेन–देन बहुत बुरी रिवाज है।

(3) एक फूलों की माला ले आइए।

(4) वह महल पीले पत्थरों से बना है। **(4)**

**84. ''राजा नल क़ी स्त्री का नाम दमयंती था।'' वाक्य का शुद्ध रूप होगा-**

(1) दमयंती राजा नल की स्त्री का नाम था।

(2) दमयंती राजा नल की स्त्री थी।

(3) राजा नल की पत्नी का नाम दमयंती था।

(4) राजा नल की पत्नी दमयंती थी। **(3)**

**85. किस क्रम में सही मेल नहीं है?**

(1) ग्रह–दशा, गृह–घर

(2) चिर–बहुत समय, चीर–वस्त्र का खण्ड

(3) तरणि–सूर्य, तरणी–नाव

(4) मात्र–केवल, मातृ–माता **(1)**

**86. किस क्रमांक में 'अभिराम-अविराम' शब्द युग्म का सही अर्थ भेद है?**

(1) मनोहर–सुंदर (2) मनोहर–विस्तृत

(3) स्वच्छ–उन्नत (4) सुंदर–लगातार **(4)**

**87. 'इतिहास के पूर्व का' के लिए एक शब्द है-**

(1) ऐतिहासिक (2) पूर्वकालिक

(3) प्रागैतिहासिक (4) सर्वकालिक **(3)**

**71. किस क्रमांक का वाक्य शुद्ध है?**

(1) वह प्रातःकाल घूमने जाता है।

(2) वहाँ फूलों की प्रदर्शनी बुलाई जाने वाली है।

(3) अक्षय की पत्नी विद्वान है।

(4) शत्रु मैदान से दौड़ खड़ा हुआ। **(1)**

**72. किस क्रम में अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण नहीं है?**

(1) मुझे कोई पुस्तक दे दीजिए।

(2) किसी ने उसे धमकाया।

(3) वह बहुत समझदार है।

(4) दाल में कुछ काला है। **(3)**

**73. सकर्मक क्रिया के लिए सही क्रमांक बताइए-**

(1) पानी में रस्सी ऐंठती है।

(2) बालक शाम को खेलते हैं।

(3) नौकर रस्सी ऐंठ रहा है।

(4) बच्चा पार्क में दौड़ रहा है। **(3)**

**74. कौनसा क्रम ठीक नहीं है?**

(1) विनाश, विदेश, विपक्ष, विज्ञान

(2) अवनति, अवतरण, अवगुण, अवज्ञा

(3) पराधीन, पराजय, पराभव, पराक्रम

(4) निर्जन, नियम, निर्दोष, निश्चल **(4)**

**75. किस क्रमांक में गुणवाचक तद्धित प्रत्यय नहीं है?**

(1) सात्विक (2) भाषिक

(3) दयालु (4) लालित्य **(4)**

**76. किस क्रम में विलोम उचित नहीं है?**

(1) निंद्य–स्तुत्य (2) पतिव्रता–कुलटा

(3) परितोष–संतोष (4) नत–उन्नत **(3)**

**77. किस क्रमांक में 'अचिर-अजिर' का सही अर्थ-भेद है?**

(1) पुरान–नया (2) चिरकाल–घर

(3) नवीन–आँगन (4) घर–शीघ्र **(3)**

**78. व्यंजन संधि का सही उदाहरण किस क्रम में है?**

(1) सु + उक्ति = सूक्ति

(2) हित + इच्छा = हितेच्छा

(3) शुभ + इच्छा = शुभेच्छा

(4) सम् + गठन = संगठन **(4)**

**79. किस क्रमांक का शब्द तत्सम है?**

(1) सूरज (2) सुर

(3) खेत (4) सूत्र **(4)**

**80. 'इक नागिन अरू पंख लगायी' लोकोक्ति का सही अर्थ है-**

(1) नागिन के पंख लग जाना।

(2) एक दोष के साथ दूसरे का जुड़ जाना।

(3) अत्यधिक जहर चढ़ना।

(4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

**81. किस क्रम में वृत्तमुखी स्वर नहीं है?**

(1) आ (2) ऊ

(3) ओ (4) औ **(1)**

**82. 'यादृच्छिक' शब्द में कौनसा प्रत्यय है?**

(1) ईक (2) इक

(3) छिक (4) क **(2)**

**83. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द शुद्ध है?**

(1) उन्नती (2) ऊन्नती

(3) उनत्ती (4) उन्नति **(4)**

**84. किस क्रम में अयादि संधि का उदाहरण है?**

(1) देवी + अर्पण = देव्यर्पण

(2) वि + ऊह = व्यूह

(3) दै + इनी = दायिनी

(4) अभि + अर्थी = अभ्यर्थी **(3)**

**85. किस क्रमांक में विलोम शब्द नहीं है?**

(1) स्वजन – दुर्जन (2) सृजन – संहार

(3) संक्षेप – विस्तार (4) चीत्कार – सीत्कार

**(1)**

**86. किस क्रमांक का शब्द तत्सम है?**

(1) भाप (2) शक्कर

(3) लक्ष (4) सींग **(3)**

**87. 'घन' शब्द के लिए सही क्रमांक बताइए-**

(1) बादल, हथौड़ा (2) शरीर, जल

(3) घड़ा, मन (4) बादल, जल **(1)**

**88. किस क्रमांक में खिड़की का पर्यायवाची नहीं है?**

(1) वातायन (2) गवाक्ष

(3) झरोखा (4) द्वार **(4)**

**89. किस क्रम में विराम चिन्ह का सही प्रयोग नहीं हुआ है?**

(1) जब मेरा मित्र आया, मैं सो रहा था।

(2) अध्यक्ष महोदय, हमारी बात सुनिए।

(3) क्या कोई तारे गिन सकता है?

(4) मद्यपान शरीर और आत्मा का नाश करता है?

**(2)**

**90. 'हथेली का आँवला' मुहावरे का सही अर्थ है-**
(1) प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या आवश्यकता।
(2) जादू का खेल।
(3) निःसन्देह बात।
(4) यथार्थ बात। **(3)**

**91. किस क्रम में करण तत्पुरुष समास नहीं है?**
(1) ईश्वरप्रदत्त (2) गृहागत
(3) हस्तलिखित (4) भुखमरा **(2)**

**92. किस क्रम में पश्च स्वर है?**
(1) ई (2) उ
(3) ए (4) ऐ **(2)**

**93. 'बर्बर' शब्द का सही विलोम है-**
(1) सभ्य (2) बुरा
(3) दुष्ट (4) अत्याचारी **(1)**

**94. किस क्रम में संधि का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(1) शब्द + इतर = शब्देतर
(2) अनु + दित = अनुदित
(3) रजनी + ईश = रजनीश
(4) अहम् + कार = अहंकार **(2)**

**95. किस क्रम में प्रश्नवाचक सर्वनाम नहीं है?**
(1) कौन (2) कैसे (3) तुम (4) क्या **(3)**

**96. किस क्रमांक में सभी पर्यायवाची सही हैं?**
(1) धेनु, घर, महिषी (2) मंदिर, बारी, घर
(3) रूधिर, रक्त, लहू (4) हानि, घाटा, लाभ **(3)**

**97. 'चक्रपाणि' शब्द में कौनसा समास है?**
(1) बहुब्रीहि समास (2) द्वन्द्व समास
(3) कर्मधारय समास (4) तत्पुरुष समास **(1)**

**98. किस क्रम में तत्सम रूप नहीं है?**
(1) मर्कटी (2) श्मश्रु
(3) रीछ (4) लवंग **(3)**

**99. किस शब्द युग्म में सही अर्थ भेद नहीं है?**
(1) अवलंब–अविलंब–सहारा और बिना रूके
(2) आसन्न–आसन–निकट और बैठने का स्थल
(3) अलि–अली–सखी और भँवरा
(4) अतल–अतुल–गहरा और बड़ा, काफी **(3)**

**100. 'छछुंदर के सिर में चमेली का तेल' लोकोक्ति का सही अर्थ हैं-**
(1) अयोग्य व्यक्ति द्वारा स्तरीय वस्तु का उपयोग।
(2) सौन्दर्य प्रसाधन को बढ़ावा देना।
(3) किसी चीज का गलत इस्तेमाल करना।
(4) उपर्युक्त कोई नहीं। **(1)**